भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **2804**
दिनांक 5 दिसम्बर, 2019 / 14 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

एयर इंडिया का विनिवेश

2804. सुश्री मिमी चक्रवर्ती:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को एयर इंडिया के विनिवेश पर विदेशी कंपनियों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या विदेशी कंपनियों की ओर से कोई आपत्ति है;

(ग) क्या टाटा समूह ने भी एयर इंडिया में रुचि दिखाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और प्रस्ताव क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार सरकारी उपक्रम को लाभ कमाने वाले उद्योग की तरह व्यावसायिक रूप से चलाना चाहती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग): जी नहीं।

(घ): सरकार एअर इंडिया के विनिवेश के लिए प्रतिबद्ध है। एअर इंडिया को विनिवेश के लिए प्रभावी रूप से तैयार करने के लिए सरकार ने एअर इंडिया में प्रचालनिक और वित्तीय कुशलता लाने के लिए एक योजना तैयार की है। इस योजना का फोकस वित्तीय और प्रचालनिक कुशलताओं पर है ताकि राजस्व या लागत बचत में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की जा सके। कार्यनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया में समय समय पर मार्गदर्शन करने के लिए एअर इंडिया के लिए विनिर्दिष्ट वैकल्पिक तंत्र (एआईएसएएम) का पुनर्गठन किया है।